स्वामित्व : अपेम फ्रेंड्स टीम

Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 07-11-2021 | अंक 48

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

# छठ पूजा की तैयारियां शुरू, जानें कब है नहाय खाय, खरना और सूर्य पूजा का शुभ मुहुर्त

**अपेम लाइव : बरही**






लोकपर्व छठ पूजा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दिवाली के छठे दिन का. र्तिक मास शुक्ल पक्ष की षष्टी तिथि को छठ पूजा मनाया जाता है। मुख्य रूप से बिहार, झारखंड का ये त्योहार 4 दिन का होता है। ऐसे में जो लोग अपने गांव-शहर से दूर हैं वे अपने अपने घर पहुंच रहे हैं। जो लोग छठ पर्व पर घर नहीं जा सकते वे अपने अपने इलाके में ही छठ मनाने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। यहां हम आपको छठ पूजा का शुभ मुहूर्त की जानकारी दे रहे हैं.हिन्दू कैलेंडर के कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की षष्टी तिथि को यानी दिवाली के छठे दिन छठ पूजा मनाया जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक, इस बार छठ पूजा 10 नवंबर को मनाया जाएगा। ऐसे में दिवाली खत्म होते ही घाटों को साफ करने और सजाने का काम भी शुरू हो गया है। सबसे कठिन व्रतों में से एक छठ को लेकर मान्यता है कि छठी मइया का व्रत रखने वाले व विधि-विधान से पूजा करने वाले दम्पति को संतान सुख की प्राप्ति होती है और परिवार में सुख समृद्धि आती है। सूर्य देव और उनकी बहन छठी मइया को समर्पित इस महापर्व की तैयारी शुरू हो चुकी है। मुख्यरूप से तीन दिनों को पर्व को सादगी और पवित्रता के साथ मनाया जाता है। दिवाली के बाद की षष्टी तिथि को सूर्य षष्ठी भी कहा जाता है। तो आइए जानते हैं कि छठ पूजा के पूरे कार्यक्रम का शुभ मुहूर्त कब है।सोमवार को नहाय खाय के साथ छठ पूजा का प्रारंभ होगा। बुधवार को छठ पूजा मनाया जाएगा जिसमें डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। एवं गुरुवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ पूजा का समापन होगा.नहाय खाय के दिन घर की विस्तार से सफाई की जाती है और पूजा सामग्री को पवित्र स्थान पर रखा जाता है। इस दिन से सभी घर के सदस्या सात्विक आहार करते हैं। छठ पूजा का दूसरा यानी सबसे महत्वपूर्ण दिन खरना का होता है। खरना वाले दिन से व्रत का प्रारंभ होता है और और रात में पूरी पवित्रता के साथ बनी गुड की खीर का सेवन किया जाता है। खीर खाने के बाद अगले 36 घंटे का कठिन व्रत रखा जाता है।खरना के दिन छठ पूजा का प्रसाद भी तैयार किया जाता है। खरना के अगले दिन छठी मइया की पूजा की जाती है और इस दिन व्रती डूबते सूर्य को अर्घ देकर जल्दी उगने और संसार पर कृपा करने की प्रार्थना करते हैं। चौथा दिन छठ पूजा का समापन छठ पूजा के अगले दिन को उगते सूर्य को अर्घ देने के साथ ही छठ का कठिन व्रत संपन्न हो जाता है।इस दिन प्रसाद बांटा जाता है।

# अपेम एवं राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छठ गीत वीडियो की हुई लॉन्चिंग

## बरही चौक पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन, एसडीपीओ ने किया वीडियो रिलीज

**अपेम लाइव : बरही**



वीडियो लॉचिंग मे उपस्थित अतिथिगण व अन्य




पत्रकार संगठन अपेम एवं राज आर्यन प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छठ गीत एव वीडियो की ग्रैंड लॉन्चिंग बरही चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं संचालन राज आर्यन प्रोडक्शन के डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी ने किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही थाना प्रभारी पुनि नीरज सिंह, अपेम चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार, अपेम मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी समाजसेवी रमेश ठाकुर एव भामाशाह स्कूल के प्राचार्य अरुण कुमार चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे । कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। उसके। बाद मुख्य अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर, चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने बटन दबाकर वीडियो एवं छठ गीत की लॉचिंग की। सभी दर्शकों ने गीत एवं वीडियो की खूब तारीफ की। मौके पर राज आर्यन प्रोडक्शन यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया। इस अवसर पर एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने अपेम की तारीफ करते हुए कहा कि अपेम लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता रहा है। एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित कर सकारात्म सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। इन्होंने कलाकारो को मंच देकर एक पुनीत कार्य किया है। उम्मीद है इसी तरह अपेम कलाकारों के साथ साथ अन्य वर्ग के लोगों को आगे बढाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कहा कि अपेम सामाजिक सरोकार के साथ आगे बढ़ रहा है। स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ने का काम अपेम कर रहा है। इंस्पेक्टर नीरज सिंह ने छठ गीत एवं वीडियो में काम करने वाले सभी कलाकारों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रमेश ठाकुर एवं अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को मंच देकर जिस प्रकर अपेम अपनी सहभागिता निभा रहा हा। इसका दूरगामी परिणाम देखने को मिलेगा। राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर का डायरेक्टर राज आर्यन उर्फ छोटी ने बताया कि बहुत ही कम समय में भक्ति छठ गीत का शूटिंग किया गया है। बहुत ही सुंदर और आकर्षित बनाया गया है। एल्बम के निर्माण में अपेम एवम छठ गीत को अपने स्वर से सजाएं हैं बिकास कुमार और एक्टिंग किए हैं विकास विश्वास एंड जूही शर्मा म्यूजिक दिवाकर मिश्रा, डीओपी एडिटर बिमल रॉय ( रवि ), सपोर्ट मंगला इवेंट मैनेजमेंट और कलाकार राज आर्यन, बिकास कुमार, विकास विश्वास, प्रख्यात कुमार, सूरज कुमार सहित दर्जनों कलाकारों को एसडीपीओ ने बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर भगवन केशरी, गुरुदेव गुप्ता,अमित जायसवाल, शिव शंकर लाल, नितेश कुमार, राजेश केशरी, बंगाली निषाद, नवल सिंह अजय आनंद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



दिनांक: 07-11- 2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## छठ घाट की हो रही साफ-सफाई का जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण




छठ घाट का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधीगण

**अपेम लाइव : बरही**

रविवार को अहले सुबह बरही पूर्वी पंचायत अंतर्गत बाराटांड सुर्य मंदिर के समीप छठ घाट की हो रही साफ-सफाई का निरीक्षण करने बरही पूर्वी पंचातय के पंसस दीलीप गुप्ता, कोनरा पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा के पति सह वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली, वार्ड सदस्य मनोज राम, सामाजसेवी संजय राम व शिक्षक हरिशंकर ठाकुर पहुंचे। सभी समाजसेवियों ने छठ घाट की हो रही साफ -सफाई का अवलोकन किया। बरही पूर्वी पंचायत के पंसस दीलीप गुप्ता के द्वारा छठ घाठ में छठव्रतियों के लिए पक्की सीढीनुमा छठ घाट का निर्माण, छठ व्रतियों के कपड़े बदलने का दो कमरानुमा चारदीवारी का निर्माण, लोहार टोली में नाली निर्माण, बरही प्रखंड कार्यालय के सामने चारों ओर से फाईवर ब्लॉक लगाकर सौन्दरीकरण का कार्य 15 वी वित्तआयोग मद से किया गया। वहीं लोगों ने बताया कि पंचायत चुनाव के पुर्व किया गया निर्माण कार्य प्रशंसा का विषय है। कहा कि इससे अन्य जनप्रतिनियों को सीख लेने की जरूरत है साथ ही आने वाले समय में आस्था के लिए ऐसे कार्य को प्रथामिकता देकर कराने की आवशयता है ताकि आमजनों मे जनप्रतिनिधियों के लिए मान सम्मान बना रहे।

## शॉर्ट सर्किट से वृद्ध महिला के घर में लगी आग, हज़ारों का नुकसान

### सामाजिक कार्यकर्ता सह जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव ने पीड़ित महिला से मुलाकात कर किया आर्थिक मदद

**अपेम लाइवः बरही**



पीडित परीवार से मिलते किशुन यादव

बरही प्रखण्ड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुंडियो में सुगिया देवी पति बा. लेश्वर ठाकुर के घर बीती रात को अचानक आग लग गई। घटना के सम्बंध में महिला ने बताया कि रात में जब वह सो रही थी तभी अचानक सॉर्ट सर्किट से आग लग गयी। बताया कि जब महिला की साड़ी में थोड़ी आग पकड़ी तो महिला की नींद खुली। जलती आग देखते ही महिला चीखने चिल्लाने लगी और किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकली। महिला की चीखें सुनकर पड़ोस के लोग उसकी मदद के लिए दौड़े और पानी डालकर धधकती आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक धधकती आग ने शांत होने से पहले महिला के कई जरूरी काग. जात और आर्थिक सम्पति को जला कर राख कर दिया। बताया जा रहा है कि वृद्ध महिला के द्वारा रखी गयी 20 से 22 हज़ार रुपए की जमा पूँजी भी जल गया। इसके साथ ही घर का राशन, कपड़ा, बक्सा, बर्तन आदि भी जल गए। मिली जानकारी के अनुसार इस अगलगी में पीड़ित वृद्ध महिला का काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। मौके पर सामा. जिक कार्यकर्ता जिला परिषद उम्मीदवार किशुन यादव ने अपनी ओर से पीड़िता की आर्थिक मदद करते हुए महिला को ढाँढस बंधाया और आगे भी मदद करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सामा. जिक कार्यकर्ता लक्ष्मण राव, विनय ठाकुर, कंचन मसोमत, प्रिया देवी, सारो देवी, दुलारचंद ठाकुर, पार्वती देवी, कविलास देवी, मो नविजान, संतोष पासवान, इंद्रदेव शर्मा आदि मौजूद थे।

## नितेश कुमार ने रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए पेश की दावेदारी, मांगा जनसमर्थन

**अपेम लाइवः बरही**



नितेश कुमार

रसोईया धमना के युवा समाजसेवी नितेश कुमार ने रसोईया धमना पंचायत से मुखिया पद के लिए दावेदारी पेश की है। साथ ही उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बनकर मैंने अपने समाज मे एक सेवक बनकर कार्य किया है। साथ ही कहा कि आज के समय मे पंचायत का विकास एक शिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। रसोईया धमना पंचायत की जनता अगर अपने पंचायत में विकास देखना चाहती है तो उन्हें जात पात से उठकर मतदान करने होगा। वहीं उन्होंने अपने पंचायतवासीयों से अपील किया कि एक बार मुझे सहयोग करे ताकि मैं अपने पंचायत का मुखिया बनकर नही बल्कि एक सेवक बनकर अपने पंचायत की सेवा कर सकूं।

**सेवा हमारा लक्ष्य**

**कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।**



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह




कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## गौरिया कर्मा क्रिकेट टूर्नामेंट पर प्रिंस क्लब धोबिया टांड ने जमाया कब्जा, इंडियन क्लब गौरिया रहा उप विजेता

### विजेता को ट्रॉफी के साथ 15 हज़ार, व उप विजेता को 8 हज़ार नकद मिला

**अपेम लाइवः बरही**



ट्रॉफी देते रामचंद्र यादव

गौरियाकर्मा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच प्रिंस क्लब धोबियाटांड एवं गौरिया इंडियन क्लब के बीच खेला गया। मैच का उदघाट्न। मुख्य अतिथि समाजसेवी रामचंद्र यादव , विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव, बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी एव युवा समा. जसेवी रविकांत ओम ने किया। इस टूर्नामेंट में प्रिंस क्लब धोबिया टांड विजेता रहा, जबकि इंडियन क्लब गौरिया उप विजेता रहा। विजेता टीम को 15000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी तथा उप विजेता टीम इंडियन क्लब गौरिया को 8000 रुपये नकद एवं ट्र०फी देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम की ओर से कप्तान विकास कुमार राणा एवं उप विजेता टीम की ओर से कप्तान बिनोद कुमार गुप्ता ने ट्र०फी प्राप्त किया। मौके पर नीतीश कुमार, सागर कुमार यादव ,अजय कुमार, रोहित कुमार, कैलाश, बसंत कुमार, सोनू कुमार वर्मा, राहुल यादव, संतोष कुमार, अजय कुमार यादव, कप्तान विनोद गुप्ता, राजकुमार यादव ,जिब्राइल अंसारी ,विक्रम कुमार, राजदेव यादव, पूर्व प्रमुख गिरधारी लाल यादव, बरही विधानसभा प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव , अब्दुल मनान वारसी, महेश यादव, गुलाब यादव, विकास कुमार, रविकांत ओम, प्रकाश विश्वकर्मा, मनोज कुशवाहा, रामचंद्र यादव, सकलदेव पांडेय, प्रकाश चौधरी प्रोफेसर जयप्रकाश आदि लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 70 लाभुकों के बीच गैस सिलिंडर का हुआ वितरण

## केंद्र सरकार की योजना कल्याणकारी व राज्य सरकार की योजना कमीशनखोरी योजना है : मनोज यादव

**अपेम लाइवः बरही**



गैसचुल्हा वितरण करते पुर्व विधायक व अन्य

बरही प्रखंड के टाउन हॉल में श्री गोविंद इंडेन ग्रामीण वितरक विजैया गुडियो के सौजन्य से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत 70 लाभार्थियों के बीच गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गैस एजेंसी के प्रोपराइटर गोविंद राणा व संचालन रो. हित यादव ने किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दर्जनों महिलाओं के बीच घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और चूल्हा का वितरण किया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कई वर्षो से घर की महिलाएं कोयला व लकड़ियों से खाना बनाने का काम करती थी, जिससे घर की दीवार के साथ-साथ स्वास्थ्य भी खराब हो जाता था लेकिन प्रधानमंत्री की इस योजना से महिलाओं को घर की रसोई में काम करने में काफी राहत मिली है। कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किये गए अच्छे दिन के वादे आज पूरे होते नजर आ रहे हैं। महिलाओं की बुनियादी जरूरतों में रसोई गैस शीर्ष पर है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने यह योजना पूरे देश में लागू की। खासकर उन गरीब परिवारों के लिए जिनके पास खाना बनाने की सुविधा नहीं होती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ही महिलाओं की कठिनाइयों को महसूस किया। पूर्व विधायक ने राज्य सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार गरीब जनता के लिए कल्याणकारी योजना धरातल पर उतार रही है तो राज्य सरकार की योजना कमीशनखोरी वाली है।सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना करोड़ों गरीब परिवारों के लिए स्वच्छ ईंधन और बेहतर जीवन को सुनिश्चित कर रहा है। गरीब परिवारों को उज्ज्वला योजना से धुएं और लकड़ी के झंझट से मुक्ति मिली है। उन्होंने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि राज्य सरकार साड़ी-धोती का वितरण कर एक भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रही है। कहा कि मिलने वाला साड़ी धोती कोई व्यक्ति पहनने को तैयार नही है, लेकिन फिर भी जनप्रतिनिधि साड़ी और लुंगी बांट रहे है। इस अवसर पर राज आर्यन उर्फ छोटी को सम्मानित भी किया गया। मौके पर भाजपा ओबीसी प्रमण्डल प्रभारी किशुन यादव, विस् सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, डोमन पांडेय, युवा नेता रितेश गुप्ता, पंचमाधव प्रधान हरेंद्र गोप, भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिन्हा, भगवान केशरी, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नन्दकिशोर कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता संजय यादव, बरही पश्चिमी के पूर्व मुखिया समशेर आलम, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, सामाजिक कार्यकर्ता विशेश्वर यादव, राजकुमार केशरी, पप्पू चंद्रवंशी, अशोक यादव, युगल यादव, ज्योतिष यादव, शिवा निषाद, बद्री यादव, आकाश जयसवाल, इंद्रदेव ठाकुर, मनोज साव, पिंटू ठाकुर, विक्की यादव, साहिल आनन्द, अशोक यादव, मुन्ना यादव, नागेश्वर रजक, पिंटू यादव, सचिन यादव, रोहित यादव, टिंकू आलम, सुरेश यादव, अमित सिंह उर्फ छोटू सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### आज का पचांड्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---08.11.2021
शुभसंवत् :--2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---चतुर्थी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---मूल नक्षत्र
योगरू---सुकर्मा
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:32
सूर्यास्त : संध्या 05:28
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---धनु राशि में
आज का राहूकाल प्रातः:---07:30 बजे से प्रातः:---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः--आज विनायकी गणेश चतुर्थी के साथ छठ महापर्व का नहाय खाय से शुभारंभ होगा।



**आलेखः-**
संदीप शर्मा
वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## सलैया मुखिया ने गैस कनेक्शन का किया वितरण



गैस चुल्हा वितरण करते मुखिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र ग्राम सलैया लिलधारी प्रसाद जनवितरण प्रणाली की दुकान में सलैया मुखिया गोपाल प्रसाद के द्वारा उज्जवला योजना के तहत राशन कार्डधारीयों के बीच गैस सिलेन्डर, चुल्हा, रेगुलेटर मुफ्त वितरण किया गया, गैस वितरण के मौके पर मुखिया गोपाल प्रसाद ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के द्वारा गरीब परिवारों को मुफ्त में गैस सिलेन्डर व चुल्हा देकर बडी जनकल्याण का काम किया है, इस योजना के मिलने से ग्रामीणों में उत्तसाह देखी जा रही थी, मौके पर भाजपा ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद चौधरी,लिलधारी प्रसाद, वार्ड सदस्य सीताराम प्रसाद,सरोज देवी, गोरहर इंडियन ग्रामीण वितरक के प्रकाश पासवान,समीम अंसारी, हिरालाल प्रसाद, रमन प्रसाद, मथुरा महतो, बासुदेव मेहता शामिल थे ।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, मुखिया हुए शामिल



जांच शिविर मे उपस्थित लोग

**अपेम लाइव : बरकट्ठ**

कोनहाराखुर्द के पंचायत सचिवालय व नव प्राव विव मेरमगड्डा में एकदिवसीय जांच शिविर का आयोजन किया गया , नव भारत जागृति केंद्र हजारीबाग के सौजन्य से इस शिविर का आयोजन किया गया जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए, मुख्य अतिथि स्थानीय प्रधान रघुनाथ सिंह ने संस्था को धन्यवाद कहा और इस तरह की पहल की सराहना की , ग्रामीणों ने शिविर में आकर आंखों से सम्बंधित जांच सर्दी खांसी बुखार जोड़ो का दर्द समेत अन्य जांच कर निःशुल्क दवा का भी लाभ मिला शिविर को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि सतीश नारायण सिंह , सुशील कुमार , राजेन्द्र प्रसाद, इस्राइल अंसारी, मैमुना खातून, राजेश सिंह,महेंद्र प्रसाद, उस्मान अंसारी , रईस अंसारी ओर संस्था की तरफ से डॉ आरएन सिन्हा , डॉ मेघा , जिला समन्वयक आलोक टोप्पो , एएनएम नीलम खलखो, सुनीता कुमारी , ऑप्थमिस्ट रौशन भीम कुमार , सुजीत कुमार व राजेश कुमार का योगदान रहा ।

# गोरहर थाना में छठ पर्व को ले शांति समिति की बैठक, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए थाना प्रभारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




शांती समीति मे उपस्थित लोग

गोरहर थाना परिसर में लोकआस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा ने की संचालन थाना प्रभारी राधा सिंह ने की। बैठक में उपस्थित लोगों से थानाप्रभारी ने कहा कि छठ महापर्व शांति और सौहार्द माहौल में त्योहार मनाएं। त्योहार में असमाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी वही इस त्यौहार में साफ सफाई की विशेष महत्व है कृपा इस पर ध्यान रखे छठ घाट की सफाई सुनिश्चित हो थाना स्तर पर जो भी मदद होगी की जाएगी इंस्पेक्टर अमित लकड़ा ने कहा सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक कोविड 19 के गाइडलाइंस को मानते हुए त्योहार मनाएं। हुड़दंगी करने वालो पर निगरानी रखे बैठक में बेलकपी ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, गोरहर ग्राम प्रधान बड़की देवी, शिलाडीह ग्राम प्रधान नरेंद्र सिंह, अर्जुन राणा, जेएमएम नेता वासुदेव प्रसाद, धीरेंद्र कुमार पांडेय, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश, पूर्व मुखिया निजाम अंसारी, राजकुमार गिरी, अवध नारायण सिंह, , मो शमीम, प्रदीप मंडल, रविंद्र कुमार पांडेय, चन्द्रशेखर सिंह, उप मुखिया सुरेश पांडेय, मौलवी रमजान, रविन्द्र पांडेय, रामजी बेसरा, अमित कुमार पांडेय, खिरोधर मंडल, कार्तिक महतो किशोरी ठाकुर समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ0 अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर










## बरही पश्चिमी पंचायत के भावी मुखिया प्रत्याशी अनिता देवी की ओर से छठ पूजा, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



अनिता देवी, मुखिया प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

### हमारा विजन

1. बरही पश्चिमी पंचायत को आदर्श पंचायत के रूप में स्थापित करना प्राथमिकता

2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशक्तकरण को बढावा देना ।

3 आम सभा कराकर ही सरकारी योजनाओं का चयन एवं कियान्वयन प्राथमिकता।

4. गरीब एवं मेधावी बच्चों की शिक्षा के लिए विशेश व्यवस्था करना।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रखंड प्रशासन ने किया चंदवारा के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण, साफ-सफाई व स्वच्छता पर दिया जोर

**अपेम लाइव : चँदवारा**



चंदवारा के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण करते बीडीओ-सीओ

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा की तैयारी जोरों पर है। इसको लेकर प्रखंड प्रशासन भी सक्रिय दिख रही है। रविवार को प्रखंड विकास पदा. धिकारी संजय कुमार यादव अंचला. धिकारी रामरतन बरनवाल व चंदवारा थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के कई छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चंदवारा मदनगुंडी, उरवां, जामुखांडी आदि छठ घाट की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जेसीबी मशीन से साफ-सफाई भी करवाया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने बताया कि छठ पूजा काफी सादगी और स्वच्छता के साथ की जाती है जिसको लेकर प्रशासन भी सक्रिय है। वहीं अंचला. धिकारी रामरतन बरनवाल ने बताया कि संभावित दुर्घटनाओं को मध्य नजर रखते हुए सभी गांव के छठ घाटों पर प्रशासन की नजर रहेगी। उन्होंने छठ घाटों के इर्द-गिर्द गंदगी ना फैलाने की अपील की। थाना प्रभारी दुष्यंत सिंह ने कहा कि पुलिस भीड़-भाड़ इलाके वाले छठ घाट पर विशेष तौर पर नजर रखेगी।

## पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में हुई छठ हुई साफ सफाई

**अपेम लाइव : बरही**



छठ घाट का साफ सफाई करते जनप्रतिनिधीगण

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के लठिया में समाजसेवी सह पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा के नेतृत्व में छठ घाट की साफ सफाई की गई। इस दौरान उन्होंने जेसीबी मंगाकर छठ घाट की साफ सफाई एवं समतलीकरण का कार्य करवाया। पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पंचायत की एक बड़ी आबादी इसी तालाब के किनारे छठ पूजा महा. त्सव के दौरान भगवान भास्कर को अर्घ अर्पित करती हैं। छठ पूजा के दौरान व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। मौके पर गिरधारी यादव, बीरेंद्र यादव, प्रमोद यादव, सुधीर यादव, रंजीत यादव, अर्जुन यादव, संजय यादव, मुना यादव अशोक राणा, रविन्द्र यादव, विकाश यादव, सुनील कुमार, अमित कुमार, रामकिशोर कुमार, सुदीप कुमार, रोहित कुमार, उमेश यादव, रा. जदेव यादव, सुबोध यादव, प्रवीण यादव, रंजीत राणा, दिनेश यादव, पिंटू यादव, बब्लू यादव, प्रमोद यादव, सुरेश पंडित, रवि कुमार, बैजनाथ यादव, राहुल कुमार, सुनील कुमार, सुदीप कुमार, सम्भु यादव, योगन्द्र कुमार, दीपू कुमार, विनय यादव,अजीत यादव, किशोर कुमार यादव, मुकेश कुमार, विजय राम,सुनील पंडित, विनोद राणा, लो. कनत यादव, पंकज कुमार, मुन्ना कुमार, मनोज कुमार, रंजीत राणा, अनिल प्रजापति, सुनील प्रजापति, लोकनाथ यादव, दीपू यादव, सुधीर कुमार, प्रकाश यादव, सुबोध यादव, दीपक कुमार, बब्लू यादव, सुरज कुमार, अशोक कुमार, राहुल कुमार, रितेश कुमार, पवन कुमार, अभिषेक कुमार, पिंटू कुमार, उमेश कुमार, धीरज कुमार आदि ने सहयोग किया।

## चेचकपी पंचायत से मुखिया पद के लिए फुलमुनी देवी होंगी उम्मीदवार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



फुलमुनी देवी

प्रखंड के चेचकपी पंचायत से समा. जसेवी सह आदर्श निकेतन युवा समिति के सचिव मनोज मुर्मू की पत्नी फुलमुनी देवी ने मुखिया चुनाव लड़ने की घोषणा की है। अपनी दावेदारी पेश करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत का सर्वांगीण विकास करना हमारा मुख्य लक्ष्य होगा । हमारे पंचायत का विकास अपेक्षाकृत कम हुआ है ।यदि पंचायत के लोग मुझे मौका देंगे तो लोगों को सबसे पहले हक और अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता रहेगी ।पंचायत में कई स्थान ऐसे हैं जहां रोड और नाली नहीं बनाया गया ।सिजुआ गांव के लोगों के लिए सड़क है ही नहीं ।उप स्वास्थ्य केंद्र वर्षो से बंद पड़ा है ।बच्चों को हाई स्कूल तक की भी शिक्षा नहीं मिल पा रही है ।खैरियो में एक नाम मात्र का हाई स्कूल है जहां शिक्षक की नियुक्ति वर्षो से नहीं हुई है। बच्चे बिना शिक्षक के हाई स्कूल तक की पढ़ाई जैसे तैसे कर रहे हैं। कई जरूरतमंदों को आवास नहीं मिल पाया ।सैकड़ों लोगों को वृधा तथा विधवा पेंशन नहीं मिला ।इन अधूरे कार्यों को पूरा करना हमारा मुख्य लक्ष्य रहेगा।

## पूर्व विधायक ने किया छठ घाट का किया निरीक्षण, तैयारियो का लिया जायजा



छठ घाट का निरीक्षण करते पुर्व विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : चौपारण**

**बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ताजपुर शिव मंदिर स्थित छठ घाट का निरीक्षण करने पहुँचे। इस दौरान पूर्व विधायक ने छठ महापर्व के तैयारियो व जायजा लिया। पूर्व विधायक ने कहा सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा हिंदुओ का प्रमुख त्योहार है। इस त्योहार से लोगों का आस्था जुड़ा हुआ है। पूर्व विधायक ने स्थानीय लोगों से साफ सफाई पर विशेष धयान देने को कहा। विधि व्यावस्था पर विशेष धयान देने बल दिया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता मनोज सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, समाजसेवी अशोक केशरी, रामचन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, प्रमेश्वर यादव, संतोष पासवान, मोहन भुइयं, रितेश सिन्हा, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।**

## सुमन ने झुरझुरी पंचायत से पेश की मुखिया पद की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



सुमन कुमार

झुरझुरी पंचायत के पंचायती चुनाव को ले सरगर्मी तेज है एक ओर हर दिन नित नए मुखिया पद के उम्मीदवार उभर कर सामने आ रहे है ऐसे में इसी कड़ी में झुरझुरी पंचायत के भूतपूर्व मुखिया स्व केवल प्रसाद के पुत्र समाजसेवी सुमन कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की है ज्ञात हो इनकी माता जी बिंदेश्वरी देवी वर्ष 2010 में झुरझुरी पंचायत की मुखिया रही थी ध्यान रहे रा. जनीतिक परिवार से आने के बाद भी अपनी साफ सुथरी छवि व एक शिक्षित समाजसेवी के तौर पर पिता स्व केवल प्रसाद के स्वर्गवास के बाद ग्रामीणों की सुख दुख में भागीदार रहे है सुमन कुमार ने कहा हमारे पंचायत के लोग कुछ वर्षो से शोषित और प्रताड़ित होकर अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए ऑफिस न्यायालय ब्ल०क और जिला कार्यालय का चक्कर लगाते रहे और ठोकरें खाते हुए हमने देखा है और हमारी हमेशा कोशिश रही है ऐसे लोगों को और जरूरतमंदों को जहां तक हो सके न्याय दिलाने का काम करता रहता हूं और यही मकसद लेकर मैं पंचायती राज्य के अधिनियम के तहत पिछली बार से मुखिया का चुनाव लड़ता आ रहा हूं और ग्रामीणों और समाज के लोगों के सहयोग से विजयपथ से कुछ दूरी से असफल रहा फिर भी हमारी प्रयास रही कि हमारे क्षेत्र में जितना भी विकास हो नाम हो लोगों का कल्याण हो यह हमारी प्राथमिकता में रहे और मेरा यही मानसिकता लेकर जनता के बीच में संघर्ष करता रहा और अगर सरकार ने फिर चुनावी बिगुल फूंक दी है और मेरा हमारा प्रयास रहा तो मैं आप लोगों का आशीर्वाद इसी तरह प्राप्त करूंगा और अपने लक्ष्य को हासिल कर लूंगा मुझे अपनी जनता पर अपने शुभचिंतकों पर अटूट आस्था और विश्वास है बढ़ेगा।

## बरही पूर्व विधायक एवं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने बरही छठ घाट का किया निरीक्षण



**अपेम लाइव : बरही**

लोक आस्था का पर्व छठ पूजा को देखते हुए बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव एवं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौ. हान ने रविवार संध्या बरही छठ घाट का निरीक्षण किया। वही बरही छठ घाट की साफ सफाई को लेकर अपने कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि छठ पूजा हिंदुओ का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसमे साफ सफाई पर विशेष धयान दिया जाता है। मोके पर भाजपा के उत्तरी छोटानागपुर ओबीसी मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी किशुन यादव,भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर,बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, बद्री यादव, गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, शमशेर आलम एवं भाजपा के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## बिरजु पासवान ने बरही जिला परिषद भाग 2 के प्रत्याशी मालती देवी के पक्ष में माँगा जनसमर्थन

**अपेम लाइव : बरही**



बरही भाग 2 के जीप प्रत्याशी मालती देवी के पक्ष में समा. जसेवी बिरजू पासवन ने अपने क्षेत्र के पंचमाधव एवं दुलमहा पंचायत के विभिन्न गाँवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया, जहाँ लोगो से उनकी समस्या सुनी और मालती देवी के पक्ष में समर्थन माँगा है।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## एनटीपीसी के 4 विस्थापित लोगों को रैयती के तर्ज पर मालिकाना हक मिला

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइंस प्रभावित चार विस्थापित लोगों को रैयती की तर्ज पर ढेंगा आर एंड आर क०लोनी में आवास का मालिकाना हक दिलाया गया। मालिकाना हक मिलने से लोगों का खुशी का ठिक. ाना नहीं रहा विस्थापित लोग काफी खुश नजर आए प्रभावित एवं विस्थापित लोगों ने आवास का मालिकाना हक की मांग कर रहे थे। इस पर कंपनी ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए उन्हें हक व अधिकार दिलाया। जिन्हें ढेंगा में निर्मित नए आवास का मालिकाना हक दिया गया, उनमें जयनंदन सिंह और ललिता देवी, सुनील कुमार सिंह और नीतू सिंह, कुमारी सुमन सिंह एवं मनीषा सिंह और निशिकांत कुमार सिंह के परिवार शामिल हैं। एनटीपीसी ने सभी अनिवार्य सुविधाओं और विस्थापितों को जरूरतों के लिहाज से उत्तम आवास का निर्माण करवाया है। इन आवासों को हाई कोर्ट के चीफ डॉ रवि रंजन जस्टिस


चाबी सौपतें कंपनी के लोग

समेत अन्य जजों, जिले के डीसी और एसपी, थाना प्रमुख समेत कई गणमान्य हस्तियों की मौजूदगी में विस्थापितों को सौंप दिया गया। खास बात यह है कि विस्थापितों के नाम इन आवासों का रजिस्ट्रेशन हो जाने से अब वो इनका इस्तेमाल अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकते हैं। चूंकि उन्हें अपने नवनिर्मित आवास पर मालिकाना हक प्राप्त हो गया है, इसलिए वो इसके एवज में बैंक लोन ले सकते हैं, जरूरत पड़ने पर बेच सकते हैं या फिर अन्य इस्तेमाल में भी ला सकते हैं।विस्थापित परिवार जयनंदन सिंह और ललिता देवी के नाम आवास संख्या ठ17/15, सुनील कुमार सिंह और नीतू सिंह के नाम ठ17/20, कुमारी सुमन सिंह के नाम ठ17/19 जबकि मनीषा सिंह और निशिकांत कुमार सिंह के नाम आवास संख्या ठ17/11 आवंटित की गई है। इन्हें अपने-अपने नाम से आवंटित आवास का मनमर्जी उपयोग करने का अधिकार हासिल हो गया है। आवंटन समारोह में मौजूद इन विस्थापित परिवारों के चेहरे पर मालिकाना हक पाने की खुशी की साफ दिखाई दे रही थी। विस्थापितों के ढेगा मेंआवास के रजिस्ट्री के बाद काफी संख्या में ग्रामीण लगातार लंगातू के एनटीपीसी दफ्तर पहुंच कर रजिस्ट्री प्रक्रिया की जानकारी ले रहे हैं।

## एनटीपीसी ने 47 वां स्थापना दिवस मनाया कंबल का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

47 वें एनटीपीसी स्थापना दिवस के मौके पर पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना (पीबीसीमपी) के कार्यकारी निदेशक एम.वी.आर रेड्डी ने झंडोतोलन किया एवं एनटीपीसी के गीत गाए गए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रेड्डी ने कहा कि 47 वर्षो के इस सफ़र में 70 परियोजनाओं के साथ अब हमारी कम्पनी 67,657.5 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ एशिया की सबसे बड़ी ऊर्जा उत्पादक कंपनी हो गई है।पीबीसीमपी को वर्ष 2020 के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार माइंस के लिए द्वितीय विजेता घोषित किया गयाद्य साथ ही वर्ष 2021 के लिय सीआ. ईआई द्वारा सुरक्षा, हेल्थ और वातावरण के क्षेत्र में द्वितीय विजेता घोषित किया गया है जो कि हमारे लिए एक गर्व की बात है। हमारी परियोजना द्वारा


कार्यक्रम को संबोधित करते कार्यकारी निदेशक एमबीआर रेडी

एनटीपीसी की 22 परियोजनाओं को कोयले की आपूर्ति की जा रही है। पीबीसीमपी से कोयला निकालने की शुरुआत 7 दिसंबर 2016 में शुरू की गई थी। तब से अब तक 7948 रैक द्वारा 30.31 मीट्रिक मिलियन टन कोयला निकालकर बनादाग रेलवे साईडिंग से विभिन्न परियोजनाओं को भेजा जा चुका है।कोरोना महामारी के बावजूद, विशेष कर इस दुसेरे लहर के दौरान भी पकरी बरवाडीह परिवार के सभी सदस्य टीम भावना से कार्य करते आ रहे हैं और कोयले के उत्पादन में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी के बदौलत हमने दिनांक 3 नवंबर 2021 को एक दिन में सबसे ज्यादा कोयला खनन की, जो की 36875 मीट्रिक टन है और ये इस वित्तीय वर्ष में एक दिन में सबसे अधिक है द्यकार्यक्रम के अंत में जागृति महिला संघ की अध्यक्षा पद्मावती मुथ्याला तथा पीबीसीएमपी के कार्यकारी अध्यक्ष एम.वी. आर रेड्डी ने घरेलू कर्मचारियों तथा बड़कागांव के गरीब लोगों के बीच इस शुभ अवसर पर कंबल वितरण का कार्य किया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से नीरज कुमार जलोटा(महाप्रबंधक), अमित कुमार अस्थाना (अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग), एम. श्रीराम (अपर महाप्रबंधक विभाग) एवमं धरनी रवि (महिला संघ कार्यकर्ता) आदि कई लोग उपस्थित थे।

## आंगो एवं असवा ग्राम में विधायक अंबा प्रसाद ने सोहराय डायर मेला का उद्घाटन किया

### झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर है हम सबकी शान जतरा मेला - अंबा प्रसाद

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड ग्राम आंगो एवं असवा तिलैया में लक्ष्मी पूजा समिति द्वारा सोहराय पर्व के अवसर पर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।दोनों स्थानों पर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति हमारा धरोहर है हम सबकी शान है डायर जतरा मेला संस्कृति समाज की रीढ़ है हमें संस्कृति को सहेज कर रखने की आवश्यकता है। आने वाला आस्था का महापर्व छठ पूजा सभी शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाएंगे छठ महापर्व को लेकर आप सभी को


उद्घाटन करते विधायक अंबा प्रसाद

अग्रिम बधाई देती हूं। वही कार्यक्रम को मुख्य रूप से मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कोलेश्वर गंझू, मुखिया सीता मरांडी मुखिया चरका करमाली पूर्वी जिला परिषद संभावित प्रत्याशी संजय करमाली आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष आनंद कुमार, प्रखंड विकास प्रभारी सुरेश महतो, विजय करमाली, महादेव हसदा, रमन गंझु, मुनेश्वर गंझु, मणिलाल मुंडा, रमेश सिंह भोक्ता, मिश्रीलाल मांझी, डमरू उरांव, पिंटू कुमार , शिबू महतो, राजेंद्र भुइया, फुलेश्वर , चंदन महतो, जितेंद्र महतो, मनीष उराँव, दीपक कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## महीनों से खराब ट्रांसफार्मर को पूर्व मुखिया के द्वारा कराया गया ठीक ग्रामीणों में दिखा खुशी का माहौल

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

प्रखंड धनवार के पंचायत करगलिखुर्द वार्ड न0 6 ग्राम जटहा में महीनों से खराब ट्रांसफार्मर को ग्रामीण ने मुखिया से लेकर कई जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी ।इसके बाद भी अधिकारियों को भी दी गई लेकिन इन अधिकारियों के कान का


ट्रांसफर के साथ पूर्व मुखिया व ग्रामीण

जू तक नहीं तक नही रेंगा । ग्रामीणों को सिर्फ अधिकारियों द्वारा आश्वाशन ही दिया गया वो भी कागजो में बिजली नहीं होने से ग्रामीणों के बच्चें न तो पढ़ाई कर पा रहे थे और नहीं ही घर के कई जरूरत वाली काम इसको देखते ही पूर्व मुखिया मो असगर इमाम ने अपने खर्च से ट्रांसफार्मर को ठीक करा दिया । जिससे ग्रामीणों के दिल गदगद हो गया और ग्रामीणों ने पूर्व मुखिया मो असगर इमाम को शुक्रिया भी कहा ।

## अम्बेडकर युवा क्लब की बैठक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के सिंदवारी पंचायत स्थित मिशन स्कूल के प्रांगण में अम्बेडकर युवा क्लब की बैठक रखी गई । जिसकी अध्यक्षता प्रमोद कुमार दास ने किया। जिसमें क्लब के विकास के लिए सर्व समिति के कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष अजय कुमार दास, सचिव राहुल कुमार दास, कोषाध्यक्ष रूपेश कुमार दास, उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार दास, उप सचिव, श्रवन कुमार दास, उप कोषाध्यक्ष चंदन कुमार दास, संरक्षक मंत्री ललन कुमार दास, मीडिया प्रभारी प्रमोद


बैठक में शामिल लोग

कुमार दास, उप संरक्षक रोहित कुमार दास एवं कमेटी के सदस्यों में सूरज कुमार रवि ,कुमार रंजन कुमार, रोहित कुमार, टिकेश्वर कुमार, उमेश राम, पिंटू राम, विजय राम, अरविंद कुमार, मोहन कुमार, नंद किशोर कुमार, संतोष राम, सज्जन कुमार, विनोद राम, प्रकाश कुमार, सूरज कुमार मनोज कुमार, कुंदन कुमार, रंजीत कुमार, विनय कुमार, विकी कुमार, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार, अवध कुमार, जितेंद्र राम, बादल कुमार, सनी कुमार, पिंटू कुमार, अशोक राम, अनिल राम, शंकर राम, शिवा कुमार शामिल थे।

## डॉक्टर आरसी प्रसाद की प्रथम पुण्यतिथि पर श्मशान सेड का उद्घाटन व कंबल वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

चिकित्सा के क्षेत्र में बड़कागांव प्रखंड में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले एवं सेवा सद्भाव से काम करने वाले स्वर्गीय डॉक्टर आरसी प्रसाद की प्रथम पुण्यतिथि गुरु चट्टी श्मशान घाट में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय डॉक्टर आर सी प्रसाद की पत्नी सरोज रानी ने स्वर्गीय आरसी प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पुत्र डा अविनाश कुमार के सौजन्य से पिता


कार्यक्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रममें शामिल लोग

के नाम निर्माणाधीन शमशान सेड का भी शुभारंभ किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान एक सौ से अधिक गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से स्वर्गीय डॉक्टर आरसी प्रसाद की पत्नी सरोज रानी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉक्टर बालेश्वर महतो, झम्मन महतो, प्रवीण कुमार, दामोदर प्रसाद मेहता, दिनेश प्रसाद, सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, डॉक्टर अभय विश्वास, संदीप कुशवाहा, सुभाष सिंह, विजय यादव, महावीर राम, दयानंद कुमार, आदित्य साहू सोनी, शशि बागे, रंजीत कुमार, शहेश कुमार, अनुज कुमार, लखन महतो, नरसिंह प्रसाद, द्वारिका महतो, किन्नू महतो, उपेंद्र कुमार के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांकः 07--11-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## माले ने गिरिडीह झंडा मैदान में महाधरना का किया आयोजन

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



सभा को संबोधित करते विधायक बिनोद यादव

भाकपा माले की अगुवाई में शनिवार को झंडा मैदान में महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया गया।यहां कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला सचिव पूरन महतो तथा संचालन मुस्. तकीम अंसारी ने करते हुए विभिन्न समस्याओं और माँगों का जिक्र करते हुवे समाधान नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।बताया गया कि गबन किए गए सितंबर माह का राशन तत्काल .वितरण करने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने, पीएम आवास सूची से हटाए गए नामों को शामिल करने सहित सभी गरीबों को आवास उपलब्ध कराने, पिछले वर्ष पैक्सों में खरीदे गए किसानों के धान का तत्काल भुगतान कर इस वर्ष की धान खरीदी के लिए एडवांस देने, पोषण सखी, जल सहिया, रसोईया समेत सभी अनु. बंध कर्मियों के बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान करने तथा पीएमजीएसवाई के तहत गिरिडीह के 350 से भी अधिक वंचित गांवों में सड़क बनाने हेतु तत्काल राशि स्वीकृत करने आदि मांगों को लेकर यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पार्टी विधायक विनोद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, पूर्व की भाजपा सरकार के समय से ही गिरिडीह जिले के साथ उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने राशन चोरी को गंभीर बताया तथा इसके दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि, एक तरफ विकास की बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं, लेकिन इसी जिले के 350 से भी ज्यादा गांवों को पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों से उपेक्षित रखा गया है। उन्होंने पोषण सखी, जल सहिया सहित सभी अनुबंध कर्मियों का मानदेय भुगतान तत्काल करने की मांग की। कहा कि, केंद्र सरकार द्वारा फंड नहीं भेजे जाने के कारण मानदेय बाधित है। मोदी सरकार लगातार देश के मे. हनतकशों के साथ अन्याय कर रही है। विधायक श्री सिंह ने उपरोक्त सवालों पर संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए आगामी 14 नवंबर को रांची में आहूत जन कन्वेंशन में बड़ी तादाद में भाग लेने की अपील लोगों से की कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामेश्वर चौधरी, पवन महतो, संदीप जायसवाल, विजय पांडे, मीना दास, प्रीति भास्कर, रेखा अग्रवाल, सरिता महतो, असगर अली, नागेश्वर महतो, विजय पांडे, गर्जेद्र महतो, रीतलाल वर्मा, शिवनंदन यादव, मे. हताब अली मिर्जा, रामकिसुन यादव, लालमणि यादव, उज्जवल साव, कन्हैया सिंह, मनोज कुमार यादव, नौशाद अहमद चांद, मोहम्मद सुलेमान, मो. हम्मद सलमान समेत सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पति के कार्यो को आगे बढ़ाने के लिए ताजपुर पंचायत से चुनावी मैदान में उतरी शबनम खातून

### पति शौकत खान के कार्यो को बढ़ाऊंगी आगे, सब वर्गो का है सहयोग : शबनम

**अपेम लाइव :चौपारण**



ग्रामीणो के साथ शबनम खातून

ताजपुर पंचायत महिला अनारक्षित होने के वजह से वर्तमान मुखिया शौकत खान के चुनावी अभियान पर ब्रेक लग गया। शौकत खान अपने पंचायत में किये गए विकास कार्यो को आधार मानकर अपनी पत्नी को चुनावी मैदान में उतार चुनावी बिगुल फूँक दिया। अपने चुनावी अभियान की शुरुवात करते हुए मुखिया उम्मीदवार शबनम खातून ने जनसम्पर्क अभियान की शुरुवात कर दिया। शबनम खातून ने जनसम्पर्क के दौरान कहा कि पांच वर्षो में हमारे पति शौकत खान ने विकास कार्यो से पंचायत को प्रखण्ड में अग्रणी स्थान तक पहुंचाया। कहा मैं अपने पति के कार्यो को आगे तक ले जाने का कार्य करूंगी। शबनम ने बताया कि जनसम्पर्क के दौरान सभी वर्गो का भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। कहा पति के पांच वर्षो के कार्यानुभूम का लाभ उठाकर व सहयोग लेकर विकास की लंबी लकीर खिचुंगी। उम्मीदवार के समर्थन में उतरे वर्तमान मुखिया शौकत खान ने कहा हमारे द्वारा पांच वर्षो में किये गए विकास के मुद्दे पर चुनावी मैदान में हमलोग जनता के बीच जाएंगे और अपने उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगेंगे।जुट गई है.

## कुएं में मिला तैरती हुई महिला का शव, लोग कर रहे तरह -तरह की चर्चाएं

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**



महिला का शव

गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र में एक तैरती हुई महिला का शव मिला है। महिला का इस तरह शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। एक ओर विवाहिता महिला के मिले शव को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर महिला के मायके वाले हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मामला बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पारडीह गांव का है, जहां एक कुंए से शव को बरामद किया गया है. घटना की सूचना पाकर पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

## वर्षगांठ पर समाधान संस्था ने जरूरतमंदों के बीच बांटे वस्त्र

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में वर्षगांठ पर जरूरतमंदों को वस्त्र देते संस्था के लोग

गैर सरकारी संस्था समाधान की 21वीं वर्षगांठ रविवार को संस्था के विष्णुगढ़ कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर संस्था की ओर से संस्था के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव भेलवारा पंचायत के केंदुआ-पसेरी तथा बेड़ा हरियारा पंचायत के कुदराखो के गरीब, वृद्ध, असहाय, दिव्यांग एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच वस्त्र का वितरण किया गया। इसके अलावा चेडरा पंचायत के विभिन्न जरूरतमंदों के बीच भी वस्त्र बांटे गए। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष ने कहा कि आज के दिन 07 नवंबर 2000 ई. में संस्था की स्थापना की मान्यता मिली थी। आज संस्था अपने कार्यकाल के 21वें वर्ष को पूर्ण कर चुका है। इस दौरान संस्था द्वारा समाज में महिला पुरूषों के बीच गैर बराबरी के भेदभाव को समाप्त करने, महिला एवं बाल हिंसा व शोषण की रोक. थाम, बाल विवाह का उन्मूलन करने, बच्चों के अधिकार, किशोरियों के बीच विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता, पंचायत प्रति. निधियों के अधिकार, कार्य एवं दायित्व समेत कई विषयों पर कार्य की है। कहा कि इन विषयों पर काम करने से हमारे समाज में पहले की अपेक्षा काफी बदलाव आया है। हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में इसमें और अधिक बदलाव होगा। इसमें हमारी टीम पूरे प्रयास एवं तन मन से जुटी हुई है। भविष्य में इसका सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। संस्था की प्रतिष्ठाता सह कार्यकारी निदेशक हिल्डा पिंटो ने भी संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं कार्यो से लोगों को अवगत कराया। इसमें लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी निभाने की अपील की। मौके पर टीम लीडर राहुल शीतल, जगदीश शर्मा, रश्मिलता, नीतू, मनोज जी समेत कई लोग शामिल थे।

## छठ महापर्व को लेकर घाट की सफाई में जुटे युवा

**अपेम लाइव :चौपारण**



घाट की सफाई में शामिल ग्रामीण

दीपावली बीतते ही लोग छठ महापर्व की तैयारी में जुट गए हैं। लोगों में व्रत को लेकर उत्सुकता दिखने लगी है। घर-मुहल्ले में छठ की भक्ति गीत गूंजने लगी हैं। दूसरी ओर आम लोग घाट पर जाकर साफ-सफाई कर छठ घाट बनाने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में बसरिया स्थित पाकर टांड घाट पर समाजसेवी संजय बिहारी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में लोग घाट की सफाई के लिए जुटे। श्री बिहारी ने कहा कि वे सेवा भावना के उद्देश्य से घाट पर पहुंचे, जिसमें युवाओं और बच्चों का घाट को दुरुस्त करने में सहयोग सराहनीय रह.ा। साथ ही घाट पर लाइट की व्यवस्था को लेकर बांस के पोल भी लगना शुरू हो गया है। यह भी कहा कि यह महापर्व हमारी आस्था से जुड़ा हुआ है इस घाट पर हर साल बड़ी संख्या में लोग पूजा करने आते हैं. पिछले दो साल से कोरोना के चलते घाट पर पर्व में उत्साह नहीं देखा गया, लेकिन इस बार फिर से लोग घरों से निकलकर व्रतियों के लिए घाट बनाना शुरू कर दिए हैं। इस अवसर पर देवेन्द्र कु. राणा, पिंटू सोनी, सूरज प्र. केशरी, पंकज सोनी, प्रमोद केशरी, राजेश पासवान, प्रकाश पासवान, महरु राणा, नरेश राणा, गणेश केशरी, पवन सोनी, रौशन राणा, अमन पासवान सहित बच्चों का भी सहरोग रहा।

## बड़कागांव लिबास मॉल पर गोली फायरिंग कांड में 2 जेल भेजे गए

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

हजारीबाग रोड स्थित लिबास मॉल पर फायरिंग मामले को लेकर पुलिस के द्वारा करवाई की जा रही है । पुलिस ने रविवार मामले में पुलिस ने रविवार को दो लोगों को हिरासत में लेकर हजारीबाग कारावास भेज दिया। इस दौरान पुलिस ने एक अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जेल भेजे गए लोगों में मोहम्मद वारिस ग्राम चंदौल दूसरा वरुण कुमार ग्राम बड़कागांव का नाम शामिल है ।




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# वार्ड सदस्य और उपमुखिया बनने के लिए जंग में होगा गहमागहमी, प्रखंड के 244 वार्ड चुनेंगे 17 उपमुखिया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार / अजित कुमार**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विभिन्न पदों के लिए चुनाव लड़ने के लिए एक के बाद एक दावेदार घोषणा में लगे हैं। इस बार वार्ड सदस्य , उपमुखिया के चुनाव में काफी रोचकता होने का आसार हैं। बरकट्ठा प्रखंड के कुल 244 वार्ड हैं जिसमें बरकट्ठा दक्षिणी में 15, बरकट्ठा उत्तरी में 11, चुगलामो 13, बरकनगंगो 14, गैंडा 14, बेडोकला 17, तुइयो 16, कपका 16, गंगपांचों 12, गयपहाड़ी 13, सलैया 14, झुरझुरी 13, कोनहारा खुर्द 15, चेचकप्पी में 14, बेलकप्पी 16, शिलाडीह 15, गोरहर 15 से जीतकर आनेवाले सदस्य अपने अपने पंचायत के लिए उपमुखिया का चयन करेंगे।

**बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न वार्डों का आरक्षण इस प्रकार हैं।**

**बरकट्ठा दक्षिणी**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला वार्ड 2 अनारक्षित अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित अन्य, वार्ड 5 अनारक्षित महिला, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 9 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 12 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 13 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 14 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 15 अनारक्षित अन्य

**बरकट्ठा उत्तरी**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनारक्षित अन्य, वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा महिला, वार्ड 5 अनारक्षित अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अनुसूचित जाति महिला

**चुगलामो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 12 अनारक्षित महिला, वार्ड 13 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला

**बरकनगंगो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 5 अनारक्षित महिला, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अनारक्षित अन्य, वार्ड 12 अनारसिग महिला, वार्ड 13 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 14 अनारक्षित अन्य

**गैड़ा पंचायत**

वार्ड 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 2 अनारक्षित अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अनारक्षित महिला, वार्ड 6 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य, वार्ड 13 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 14 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला

**बेडोकला पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अनारक्षित अन्य, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 12 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 13 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 14 अनारक्षित अन्य, वार्ड 15 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 16 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 17 अनारक्षित महिला




**तुईयो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वार्ड 4 अनारक्षित महिला वार्ड 5 अनारक्षित महिला वार्ड 6 अनारक्षित अन्य वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 8 अनारक्षित महिला वार्ड 9 अनुसूचित जाति महिला वार्ड 10 अनारक्षित अन्य वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वार्ड 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वार्ड 13 अनुसूचित जाति अन्य वार्ड 14 अनारक्षित महिला वार्ड 15 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 16 अनारक्षित अन्य

**कपका पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 5 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य, वार्ड 13 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 14 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 15 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 16 अनारक्षित महिला, वार्ड 17 अनारक्षित अन्य

**गंगपाचो पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित अन्य, वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 6 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 7 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अनारक्षित, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 11 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य

**गयपहाड़ी पंचायत**

वार्ड 1 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 5 अनारक्षित अन्य, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनारक्षित अन्य, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 महिला, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 11 अनारक्षित महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य, वार्ड 13 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला

**सलैया पंचायत**

वार्ड 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 7 अनुसूचित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अनारक्षित महिला, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अनारक्षित अन्य, वार्ड 12 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 13 अनारक्षित अन्य, वार्ड 14 अनारक्षित महिला

**झुरझुरी पंचायत**

वार्ड 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 2 अनारक्षित महिला, वार्ड 3 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 4 अनारक्षित अन्य, वार्ड 5 अनुसूचित अन्य, वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 8 अनारक्षित अन्य, वार्ड 9 अन्य पिछडा वर्ग महिला, वार्ड 10 अनारक्षित महिला, वार्ड 11 अनारक्षित अन्य, वार्ड 12 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 13 अनारक्षित महिला,

**कोनहारा खुर्द पंचायत**

वार्ड 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वार्ड 4 अनारक्षित महिला वार्ड 5 अनारक्षित अन्य वार्ड 6 अनारक्षित महिला, वार्ड 7 अनारक्षित अन्य, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 11 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 12 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 13 अनारक्षित महिला, वार्ड 14 अनारक्षित अन्य, वार्ड 15 अनारक्षित महिला

**चेचकप्पी पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अनुसूचित जनजाति अन्य वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 8 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 10 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 11 अनारक्षित महिला, वार्ड 12 अनारक्षित अन्य, वार्ड 13 अनुसूचित जनजाति अन्य, वार्ड 14 अनुसूचित जनजाति महिला,

**बेलकप्पी पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनारक्षित अन्य वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित महिला, वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 7 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 8 अनारक्षित महिला, वार्ड 9 अनारक्षित अन्य, वार्ड 10 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 11 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 13 अनारक्षित महिला, वार्ड 14 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 15 अनारक्षित अन्य, वार्ड 16 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला

**शिलाडीह पंचायत**

वार्ड 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वार्ड 2 अन्य पिछड़ा वर्ग अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित अन्य, वार्ड 4 अनारक्षित अन्य, वार्ड 5 अनारक्षित महिला, वार्ड 6 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 7 अनुसूचित जाति महिला वार्ड 8 अनारक्षित अन्य वार्ड 9 अनुसूचित जाति अन्य, वार्ड 10 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 11 अनारक्षित महिला, वार्ड 12 अनारक्षित महिला, वार्ड 13 अनारक्षित अन्य, वार्ड 14 अनारक्षित महिला, वार्ड 15 अनुसूचित जनजाति अन्य

**गोरहर पंचायत**

वार्ड 1 अनारक्षित महिला, वार्ड 2 अनारक्षित अन्य, वार्ड 3 अनारक्षित महिला, वार्ड 4 अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 6 अनारक्षित अन्य, वार्ड 7 अनारक्षित महिला, वार्ड 8 अनारक्षित महिला, वार्ड 9 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 10 अनारक्षित अन्य, वार्ड 11 अनारक्षित अन्य, वार्ड 12 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 13 अनुसूचित जनजाति महिला, वार्ड 14 अनुसूचित अन्य, वार्ड 15 अनुसूचित अन्य

APEM LIVE

# मांडू विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेन्द्र का शिलान्यास

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



स्वास्थ्य उपकेन्द्र का शिलान्यास करते मांडू विधायक

रविवार को रामगढ़ जिला के मांडू प्रखण्ड अंतर्गत तापिन बाजार टांड़ स्थित तापिन स्वास्थ्य उपकेन्द्र तापिन का निर्माण कार्य हेतु शुभ शिलान्याश हजारिबाग सांसद जयंत सिन्हा और मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल के कर कमलों द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता देवकी महतो, विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी, विधायक प्रति. निधि संजय साव, चुरचू उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, सुमन कुमार वर्मा, दिनेश बेदिया, अजय यादो, राजेश राणा, देव कुमार भोक्ता, साकिब अंसारी, मुमताज अंसारी, गुलाम रब. बानी, हासिम अंसारी, ज़ाकिर अंसारी, मातिम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, अजय साव,संदीप साव, अंतू सिंह, मोहन सिंह,मुस्ताक अंसारी, मोबीन अंसारी, नईम अंसारी आदि उपस्थित थे।

